# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोक परीक्षा–अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करेंगे।
3. नशा मुक्त युवा कार्यक्रम के तहत आज महात्मा गांधी कॉलेज की एनएसएस–माइ भारत इकाई की ओर से वॉकथॉन का आयोजन किया गया।
4. अगस्त और सितंबर माह के दौरान आयोजित होने वाली जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की समय–सारणी घोषित की गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोक परीक्षा–अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है। यह विधेयक गुरुवार को संसद द्वारा पारित किया गया। इसका उद्देश्य कठोर दंडों का प्रावधान करने और फास्ट ट्रैक अदालत की स्थापना करके लोक परीक्षाओं में अनुचित गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। अधिनियम में कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं, जिनमें दस वर्ष तक की कैद, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और दोषी अपराधियों की संपत्ति की जब्ती जैसे कठोर दंड शामिल हैं। मामलों के शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने के लिए, अधिनियम के तहत प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को दैनिक सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालत स्थापित करने की आवश्यकता है। अधिनियम में यह भी प्रावधान किया गया है कि पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने की तिथि से दो महीने के भीतर जांच पूरी करेगी तथा आरोप पत्र दाखिल होने की तिथि से तीन महीने के भीतर मुकदमे का निपटारा किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही नशे के खिलाफ सौ सप्ताह का देशव्यापी जनभागीदारी अभियान शुरू हो जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर के दस हजार से अधिक स्थानों से युवा शामिल होंगे। माई भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, युवा क्लबों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, गैर–सरकारी संगठनों, उद्योग संगठनों के युवा प्रकोष्ठों और एक सौ पच्चीस से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इस अभियान के अंतर्गत हर रविवार देशभर में जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें खेल प्रतियोगिताएं, वॉकथॉन, ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, परिचर्चाएं, कला प्रतियोगिताएं और सामुदायिक कार्यक्रम शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सहभागी बनाना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से कृषि यांत्रिकीकरण और कटाई–उपरांत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार, उद्यमियों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवोन्मेषकों को परामर्श इन्क्यूबेशन तथा मार्गदर्शन (हैंड होल्डिंग) सहायता प्रदान करना है। चयनित उम्मीदवारों के लिए दो महीने का इन्क्यूबेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के तहत द्वीप कृषि प्रौद्योगिकियाँ, नारियल और मसालों का मूल्य संवर्धन, एकीकृत मत्स्य पालन, संरक्षित खेती, जैविक खेती के उत्पाद और जलवायु–अनुकूल कृषि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी और स्टार्टअप पन्द्रह अगस्त तक क्यारी के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देश के दस हजार स्थानों से करीब एक करोड़ युवाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। विकसित भारत अभियान के तहत नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर की एनएसएस–माइ भारत इकाई की ओर से आज वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन को अपर जिला मजिस्ट्रेट एस. कृ ष्णा चैतन्य; उप–मंडलीय मजिस्ट्रेट तथा मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वॉकथॉन दानापुर जंक्शन से शुरू होकर मायाबंदर बाजार में संपन्न हुई। इस अवसर पर कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कांडीमुथु ने विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान के तहत वर्ष भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें स्वस्थ आदतें अपनाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में लगभग दो सौ छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ ने कहा कि द्वीपसमूह के साइकिल चालक, डेविड बेकहम को ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में साइकिलिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। उनकी यह सफलता द्वीपसमूह में खेल प्रतिभाओं की निरंतर विकास को दर्शाती है और केंद्र शासित प्रदेश के उभरते एथलीटों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से अगस्त और सितंबर माह के दौरान श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की समय–सारणी घोषित की गई है। ओपन स्टेट माउंटेन बाइक साइकिलिंग चैंपियनशिप सोलह अगस्त को आयोजित होगी, जिसके लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि चौदह अगस्त है। इसके अलावा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप, जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप और जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप बाईस तथा तेईस अगस्त को आयोजित होगी। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बीस अगस्त है। सभी इच्छुक खिलाड़ियों और टीमों से अपनी प्रविष्टियाँ निर्धारित गूगल फार्म के माध्यम से जमा करने को कहा गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र (गूगल फॉर्म) लिंक और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान आज मध्योत्तर अंडमान के जिला चिकित्सालय, डिगलीपुर में स्थानीय मरीजों की सुविधा के लिए तीन व्हील चेयर उपलब्ध कराईं। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों और बुजुर्गों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी, कर्मचारी, स्थानीय मेडिकल संचालक, INA के प्रदेश अध्यक्ष आर पी यादव और एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए संसाधन व्यक्तियों और अतिथि प्रवक्ताओं की अंतिम पैनल सूची कॉलेज के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

राजकीय प्रौद्यागिकी संस्थान, डिगलीपुर में अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रशासनिक कारणों से परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब यह परीक्षा अट्ठारह से बीस अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में अतिथि संकाय के चयन के लिए शैक्षणिक सत्र 2026–27 की अंतिम वरीयता सूची में जारी कर दी गई है। यह सूची महाविद्यालय की वेबसाइट तथा सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम 9 अगस्त शाम चार बजे जंगलीघाट जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल के लिए रवाना होगा। संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के बाद जहाज श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। इस यात्रा के लिए माल की बुकिंग तीन अगस्त से सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे के बीच वाणिज्यिक विभाग से की जा सकती है। जहाज पर माल चढ़ाने का कार्य पांच अगस्त से किया जाएगा।

<><><><><><><>